# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

होशंगाबाद रोड, भोपाल–462026

क्रमांक/D 185/छा.क.वि./रा0यु0उ0/2022 भोपाल, दिनांक 21.11.2022

प्रति,

माननीय कुलसचिव महोदय,

.................................................................................

.................................................................................

विषयः—अन्तर विश्वविद्यालय राज्य स्तर युवा उत्सव सत्र 2022–23 में सहभागिता हेतु आवश्यक जानकारी भेजवाने के संबंध मे।

संदर्भः—1. अवर सचिव, म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग का पत्र कमांक 826/293/रासेयो/2022/38/ दिनांक 10.11..2022

2. इस कार्यालय का पत्र कमांक डी–152/अ.छा.क/रा.यु.उ./2022–23 दिनांक 26.10.2022

महोदय/महोदया,

विषयान्तर्गत निवेदन है कि म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग के संदर्भित पत्र एक में दिये गये निर्देशों के अनुसार राज्य स्तर युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 16,17 एवं 18 दिसम्बर 2022 तक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किया जाना है। इसकी पूर्व सूचना आपको संदर्भ दो के माध्यम से दी गई थी, इसी तारतम्य में युवा उत्सव दल की जानकारी हेतु प्रपत्र अ, ब, स, द एवं विधा वार जानकारी प्रपत्र भेजा जा रहा है। कृपया इनकी पूर्ति करवाकर शीघ्र भेजवाने का कष्ट करें। जिससे आगे की व्यवस्था करने में सुविधा हो सकें। युवा उत्सव का आयोजन म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग की मार्गदर्शिका के नियमो के आधार पर कुल 22 विधाओं में सम्पन्न किया जायेगा।

युवा उत्सव आयोजन काल (16–18 दिसम्बर) में ठंड की अधिकता रहेगी, इसलिए प्रतियोगी अपने साथ गरम वस्त्र एवं ओढ़ने–बिछाने के कपड़े अवश्य लाये, विश्वविद्यालय में भोजन एवं आवास की व्यवस्था दिनांक 15 दिसम्बर 2022 सायंकाल से 18 दिसम्बर 2022 की रात्रि 11 बजे तक रहेगी। सभी प्रतियोगियों को दिनांक 18.12.2022 की रात्रि 11.00 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर एवं आवास की सुविधा छोड़नी होगी।

**आप से अनुरोध है कि.**

1. विधाओं में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री प्रतिभागी दल को स्वयं लानी होगी।
2. प्रतिभागियों को म0 प्र0 शासन,उच्च शिक्षा विभाग की युवा उत्सव मार्गदर्शिका के निर्देशों के परिपालन में समस्त दस्तावेज लाना अनिवार्य है।
3. **पंजीयन शुल्क** प्रति सदस्य रू0 1000.00 (एक हजार रू0) के हिसाब से दल की संख्यॉ के अनुसार कुल राशि का बैंक ड्राफट, कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम पर देय होगा।
4. (क) उदघाटन से लगभग दो घंटे पूर्व समस्त विश्वविद्यालय दलो की सांस्कृतिक शोभा यात्रा का आयोजन किया जावेगा, प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने साथ दो ध्वज एवं विश्वविद्यालय का नाम दर्शाने वाले दो बैनर अनिवार्यतः लायेंगे।
   (ख) विश्वविद्यालय के नाम वाले वैनर का उपयोग सांस्कृतिक शोभा यात्रा के लिए ही किया जायेगा।
5. सभी प्रतियोगी दल पात्रता प्रमाण पत्र नवीनीकृत परिचय पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ अवश्य लायेगें।
6. सुरक्षा राशि रू0 2000.00 (दो हजार रू0) जमा करनी होगी जो अनापत्ति के बाद वापिस कर दी जायेगी।
7. म. प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग की मार्गदर्शिका में दर्शायी गई दल की संख्यॉ 69 (उनहत्तर) से अधिक होने पर प्रति व्यक्ति रू0 1000.00 (एक हजार रू.) अतिरिक्त रूप से जमा करना होगा।
8. प्रपत्र **अ, ब, स, द** को आवश्यकतानुसार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेबसाईट www.bubhopal.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

..................2

9. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ई.मेलआई.डी. dsw.bubhopal@gmail.com पर युवा उत्सव की उक्त जानकारी प्राथमिकता के आधार पर भेजने का कष्ट करें।

टीपः–राज्य स्तर युवा उत्सव से संबंधित जानकारी के लिए निम्नलिखित सम्पर्क सूत्रों से आवश्यकतानुसार सम्पर्क किया जा सकता हैः–

1. प्रो0 पवन मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण मोबाईल नं. 9893069009
2. श्री हरिश्चन्द यादव, कार्यालय सहायक मोबाईल नं. 7745918611
3. श्री उमेश चन्द्र झा, कार्यालय सहायक मोबाईल नं. 9589879771
4. श्री मुन्नालाल कुशवाहा, कार्यालय सहायक, मो0नं. 9425029238

आपकी सक्रिय भागीदारी, सहयोग एवं सुझावों की प्रत्याशा में,

सादर धन्यवाद,

संलग्न प्रपत्रः– 1. अ, ब, स, द, एवं विधावार प्रतिभागियों का जानकारी प्रपत्र।
2. म0 प्र0 शासन का संदर्भित पत्र।
3. म0 प्र0 शासन युवा उत्सव मार्गदर्शिका के नियम।

भवदीय

(डॉ0 आई0 के0 मंसूरी)
कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
भोपाल, दिनांक 21.11.2022

पृ0 क्रमांक D-186 /छा.क.वि./रा0यु0उ0/2022
प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा, म0 प्र0 शासन, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. निज सहायक, अपर मुख्य सचिव, म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल की ओर माननीय अपर मुख्य सचिव जी को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
4. समस्त अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय म0 प्र0 की ओर सादर सूचनार्थ।
5. कुलपति एवं कुलसचिव के निज सचिव के माध्यम से माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिव जी ब0 वि0 वि0 की ओर सादर सूचनार्थ।
6. डॉ0 आर0 के0 विजय, विशेष राज्य एन.एन.एस. अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, म0 प्र0 शासन, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
7. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, समस्त विश्वविद्यालय, म0 प्र0 की ओर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु, तथा इस अनुरोध के साथ कि कृपया आप अपना एवं विश्वविद्यालय के युवा उत्सव प्रभारी का मोबाईल नं. आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।
8. प्रभारी, आई.टी. सेल की ओर सूचनार्थ एवं पत्र को विश्वविद्यालय की वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. सूचना पटल एवं कार्यालय प्रति।

(प्रो0 पवन मिश्रा)
अधिष्ठता छात्र कल्याण
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

प्रपत्र "अ"

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

ई–मेल आई डी– **dsw.bubhopal@gmail.com**
फोन न– 9893069009, 0755–517077, 88

अन्तर विश्वविद्यालय,राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2022–23
आयोजन दिनांक 16 से 18-12 2022 तक
आयोजक– बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## दल का विवरण

1. विश्वविद्यालय का नाम ..............................................

2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण का नाम एवं मोबाइल न0 एवं ई–मेल आई डी ..............................................

3. दल प्रबंध का नाम एवं मोबाइल न0
   I. पुरूष .............................. II. महिला ..............................

4. दल के प्रतिभागियों की संख्या

| क | विधा का नाम | महिला | पुरूष | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | कुल विधाओं की संख्या | कुल महिला | कुल पुरूष | कुल योग |

5. संगतकारों की संख्या–

| महिला | पुरूष | योग |
|---|---|---|
| | | |

6. दल प्रबंधक की संख्या–

| महिला | पुरूष | योग |
|---|---|---|
| | | |

7. यात्रा का माध्यम (आगमन) –
   (अ) ट्रेन का नाम .................... भोपाल पहुचने का दिनांक .................... समय ....................
   (ब) बस .................... भोपाल पहुचने का दिनांक .................... समय ....................

8. यात्रा का माध्यम (प्रस्थान) –
   (अ) ट्रेन का नाम .................... भोपाल से जाने का दिनांक .................... समय ....................
   (ब) बस .................... भोपाल से जाने का दिनाक .................... समय ....................

टीप– प्रतिभागी, संगतकार, दल प्रबंधक, एवं कार्यालयीन कर्मचारी सहित दल की कुल संख्या 69 से अधिक नही होगी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण / सांस्कृतिक समन्वयक
हस्ताक्षर एवं सील

प्रपत्र "ब"

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव

## दिनांक ....16... से....18.:...12..:. 2022

## आयोजक–बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

### युवा उत्सव प्रतिस्पर्धा हेतु प्रतियोगिता से सम्बन्धित जानकारी

01 नाम ..........................................................................................

02 पिता का नाम ..........................................................................................

पासपोर्ट साइज फोटो

03 पता एवं दूरभाष/ मो0न..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

04 जन्म तिथि(01 जुलाई 2015 को 25 वर्ष से अधिक न हो)

अंको में ...................... शब्दो में..........................................................................................

05 वर्तमान आयु............................ कक्षा ..........................................................................................

06 विश्वविद्यालय का नाम ..........................................................................................

..........................................................................................

07 प्रतियोगिता (विधा) जिसमे भाग लेना चाहता रहा है: ..........................................................................................

मै प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रदत्त उपर्युक्त समस्त जानकारी सही है। असत्य सिद्ध होने पर मुझे प्रतियोगिता में भाग लेने से निषिद्ध करने अथवा मेरा परिणाम निरस्त करने का समन्वयक, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, आयोजक विश्वविद्यालय को पूर्ण अधिकार होगा।

दिनॉक ..................................

स्थान .................................. प्रतियोगी के हस्ताक्षर,

(प्रतियोगी अपना नवीनतम छायाचित्र लगाकर उसे विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्राचार्य/विभागाध्यक्ष अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी से अभिप्रमाणित करायेंगे।)

हस्ताक्षर एवं सील,<br>अधिष्ठाता, छात्र कल्याण<br>विश्वविद्यालय..........................................................................................

हस्ताक्षर एवं सील,<br>संबंधित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष

टीप– विधाओ का आयोजन कई स्थानो पर किया जाना है इसलिए प्रतियोगी प्रत्येक विधा हेतु पृथक–पृथक प्रपत्र भरेंगें।

प्रपत्र "स"

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव

दिनांक .....16... से......19:...12.... 2022

## आयोजक-बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

### प्रतियोगी से सम्बन्धित जानकारी

पासपोर्ट साइज फोटो

01 विश्वविद्यालय का नाम..............................................................................................

02 छात्र का नाम ..............................................................................................

03 पिता का नाम ..............................................................................................

03 कक्षा ..............................................................................................

04 जन्म दिनांक (01 जुलाई 2015 को 25 वर्ष से अधिक न हो)

अंको में ..........शब्दो में..............................................................................................

05 विधा का नाम जिसमें प्रतियोगी भाग ले रहा है: ..............................................................

06 निवास स्थान का पता एवं दूरभाष क्र. ..............................................................................................

..............................................................................................

छात्र/छात्रा के हस्ताक्षर

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कु./श्रीमती .............................................................. इस संस्था के पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के नियमित छात्र/छात्रा हैं। इनके द्वारा लिखी गई जन्म तिथि व हस्ताक्षर प्रमाणित हैं।

दिनॉक ........................

हस्ताक्षर एवं सील,
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
विश्वविद्यालय..................................................................

हस्ताक्षर एवं सील,
संबंधित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष

टीप- प्रत्येक विधा के लिये प्रतियोगी पृथक-पृथक प्रपत्र भरेंगें। एक प्रपत्र में दो या अधिक विधाओ का उल्लेख करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।

प्रपत्र "द"

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव

दिनांक ....16... से......18..12..... 2022

## आयोजक-बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

1. विश्वविद्यालय का नाम............................................................................
2. म्यूजिक/थिएटर/डांस लिटरेरी/फाइन आर्टस के प्रतियोगियो एवं संगतकारो के नाम निम्नलिखित प्रपत्र में अलग-अलग भरवाये।
3. प्रतियोगी की आयु 01 जुलाई 2015 को 25 वर्ष सें अधिक न हो।

| कमांक | प्रतियोगी का नाम (स्पष्ट अक्षरो में) | जन्मतिथि | विधा (प्रतियोगी जिसमें भाग ले रहा है) | सामा0/अनु.जन/अनु. जा/अ.पि.वर्ग का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |

संगतकारो का विवरण

| कमांक | संगतकार का नाम (स्पष्ट अक्षरो में) | छात्र/प्रोफेशनल | विधा जिसमें संगत का कार्य कर रहे है |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |
| 02 | | | |
| 03 | | | |
| 04 | | | |

(आकस्मिक प्रभारी )

अधिष्ठाता छात्र कल्याण/सांस्कृतिक समन्वयक
हस्ताक्षर एवं सील

नोट- 1. विधाओ का आयोजन विभिन्न स्थलो पर किया जाना है इसलिए प्रतियोगी प्रत्येक विधा के लिए पृथक-पृथक प्रपत्र (फार्म) भरे।
2. कृपया आवश्यकतानुसार प्रपत्र की छायाप्रति करवाये।

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव

दिनांक ....16..... से ...18....12.-...... 2022

## आयोजक–बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विश्वविद्यालय का नाम...............................................................................................

| क | प्रतिभागी का नाम | जन्मतिथि | एकल नृत्य (शास्त्रीय) 1 | समूह नृत्य (लोक नृत्य) 2 | एकांकी 3 | मूकाभिनय (माइम) 4 | स्किट (हास्य नाटिका) 5 | मिमिक्री (उपहास सहित अनुकरण) 6 | एकल गायन (शास्त्रीय) 7 | एकल गायन (सुगम) 8 | एकल गायन (पाश्चात्य) 9 | समूह गायन (भारतीय) 10 | समूह गायन (पाश्चात्य) 11 | शास्त्रीय एकल वादन ( परकुशन) 12 | शास्त्रीय एकल वादन (नान परकुशन) 13 | वाद–विवाद 14 | प्रश्नमंच 15 | वक्तृता 16 | स्थल चित्रण (स्पॉट पेंटिंग) 17 | क्लेमॉडलिंग 18 | कोलाज 19 | रंगोली 20 | व्यंग्य चित्र (कार्टूनिंग) 21 | पोस्टर निर्माण 22 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

1. कृपया उपर्युक्त अनुभाग में प्रतियोगियो की विधाओं को सही का चिन्ह √ लगावे जिसमे प्रतियोगी भाग ले रहा है।
2. प्रमाणित किया जाता है कि प्रतिभागी छात्र युवा उत्सव में सम्मिलित होने की समस्त शर्ते पूर्ण करते है, सांस्कृतिक दल के किसी भी सदस्य द्वारा निर्देशो का पालन नही करने/अनुशासनहीनता किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। कृपया आवश्यकतानुसार फोटोकॉपी करवाये।

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/प्रभारी अधिकारी
हस्ताक्षर एवं सील

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव

दिनांक ...16.... से ..18...12........ 2022

## आयोजक–बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विश्वविद्यालय का नाम..................................................................................................

संगतकार द्वारा संगत की जाने वाली विधाओ के अनुभाग मे सही (√) का चिन्ह दर्शाये।

| क | संगतकारो के नाम | छात्र | एकल नृत्य (शास्त्रीय) | समूह नृत्य / लोक नृत्य | एकल गायन (शास्त्रीय) | शास्त्रीय एकल वादन (परकुशन) | शास्त्रीय एकल वादन (नान–परकुशन) | एकल गायन (सुगम) | समूह गायन (भारतीय) | एकल गायन (सुगम) | समूह गायन (पाश्चात्य) | एकांकी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |

कृपया आवश्यकतानुसार फोटोकॉपी करवाये।

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / प्रभारी अधिकारी
हस्ताक्षर एवं सील

# INTER UNIVERSITY STATE YOUTH FESTIVAL

**Organized by**

**BARKATULLAH UNIVERSITY, BHOPAL**

**Dated- -----16-- to --------18----12------------- 2022**

**NAME OF THE UNIVERSITY---------------------------------------------------------------------------**

| SR.NO | NAME OF THE PARTICIPANTS | DATE OF BIRTH | CLASSICAL VOVAL SOLO | LIGHT VOCAL SOLO | GROUP SONG INDIAN | WESTERN VOCAL SOLO | WESTERN GROUP SONG | CLASSICAL INSTRUMENTAL SOLO (PERCUSSION) | CLASSICAL INSTRUMENTAL SOLO (NON PERCUSSION) | GROUP DANCE (FOLK/TRIBAL) | CLASSICAL DANCE | QUIZ | DEBATE | ELOCUTION | ONE ACT PLAY | SKIT | MIME | MIMICRY | POSTER MAKING | ON THE SPOT PAINTING | COLLAAGE | CLAY MODELLING | RANGOLI | CARTOONING |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

PLEASE TICK THE APROPRIATE COLUMN TO AVOID THE EVENTS OVERLAPPING IN SHEDULE
USE PHOTO COPIES OF FORMAT 'B' AS PER NUMBER OF PARTICIPANT

**SIGNATURE OF REGISTRAR/DSW**

मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल-462004

क्रमांक 826/29/रासेयो /2022/38,
प्रति,

भोपाल, दिनांक 10/11/2022

कुल सचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल (म.प्र.)

विषय:- अन्तर विश्वविद्यालय राज्य स्तर युवा उत्सव सत्र 2022-23 की निर्धारित तिथियों में परिवर्तन के संबंध में ।
सन्दर्भ:- विभागीय पत्र क्रमांक 730-731 एवं 732-733 दिनांक 26.9.2022 एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक डी-163 दिनांक 4.11.2022.

--0--

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रानुसार विभाग द्वारा जारी वर्ष 2022-23 के लिये अन्तर विश्वविद्यालयीन राज्य स्तर युवा उत्सव कैलेण्डर की तिथि 28,29,30 नवम्बर 2022 तय की गई थी । बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से प्राप्त सूचना अनुसार जिला एवं अन्तर विश्वविद्यालय संभाग स्तर युवा उत्सव की तिथियों में परिवर्तन होने से राज्य स्तर प्रतियोगिताओं की तिथियों में समय का अन्तराल कम होने से राज्य स्तर युवा उत्सव की तैयारी की जाना संभव नही है। अतः उपरोक्त तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 16,17,18 दिसम्बर 2022 हेतु प्रस्तावित किया है।

तदनुसार राज्य स्तर युवा उत्सव के आयोजन की पूर्व तिथियों में संशोधन करते हुए आगामी तिथि दिनांक 16,17,18 दिसम्बर 2022 की जाती है।

कृपया तद्नुसार समस्त विश्वविद्यालयों को अपने स्तर से भी आप सूचित करने का कष्ट करें।

10-11-22
(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक 827/29/रासेयो/2022/38,
प्रतिलिपि:-

भोपाल, दिनांक 10/11/2022

1. विशेष सहायक, मान. मंत्री जी,उच्च शिक्षा म.प्र.।
2. निज सहायक अपर मुख्य सचिव म प्र शासन, उच्च शिक्षा विभाग,मंत्रालय भोपाल।
3. निज सहायक आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन भोपाल।
4. निज सहायक,कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल ।
5. कुलसचिव, समस्त शासकीय विश्वविद्यालय म.प्र.।
6. कुलसचिव,राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल।
7. कुलसचिव, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल।
8. कुलसचिव, राष्ट्रीय विधि संस्थान भोपाल।
9. कुलसचिव, महर्षि पाणिनी संस्कृत वि.वि. उज्जैन।
10. कुलसचिव, भोज(मुक्त) वि.वि. भोपाल।
11. कुलसचिव,जवाहर लाल नेहरू कृषि वि.वि. जबलपुर।
12. कुलसचिव, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला वि.वि. ग्वालियर।
13. कुलसचिव,अटल बिहारी बाजपेई हिन्दी वि.वि. भोपाल।
14. कुलसचिव, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय वि.वि. चित्रकूट सतना।
15. कुलसचिव, डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर सामाजिक वि.वि. महू।
16. कुलसचिव, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि वि.वि. ग्वालियर।
17. कुलसचिव, म.प्र. पशु चिकित्सा विज्ञान वि.वि. जबलपुर।
18. कुलसचिव, म.प्र. आयुर्विज्ञान वि.वि. जबलपुर।
19. कुलसचिव सॉंची बौद्ध तथा भारतीय ज्ञान अध्ययन वि.वि. सॉंची।
20. कुलसचिव, पंडित एस.एन. शुक्ल वि.वि. शहडोल।
21. कुलसचिव,राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय,छिन्दवाडा ।
22. समस्त अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा क्षैत्रीय कार्यालय म.प्र.।
23. समस्त छात्रकल्याण अधिष्ठाता,शासकीय वि.वि. म.प्र. ।

.............की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

नोट:- कृपया राज्य स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2022-23 हेतु बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल से संपर्क करना चाहें ।

10-11-22
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव

दिनांक 16-18-12-2022

# आयोजक–बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की युवा –उत्सव मार्गदर्शिका में निर्दिष्ट विधाओ के नियम**

विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायको का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी भी प्रतियोगिता में किसी जाति, भाषा, धर्म, एवं सम्प्रदाय पर आक्षेप नहीं किया जायेगा।

यह नियमावली केवल राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए है। अन्य युवा उत्सवों जैसे कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के लिए विश्वविद्यालय अपनी चयन प्रक्रिया के लिए स्वतंत्र होंगे।

## (1) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत – एकल गायन

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक प्रतियोगी।
- संगत कलाकार अधिकतम दो।
- इस विधा में फिल्मों के गीत नहीं गाए जा सकेंगे।
- स्वर,ताल,राग का चयन एवं सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर निर्णय किया जायेगा।
- गायन के लिए समय 15 मिनिट है।

## (2) शास्त्रीय वाद्य प्रतियोगिता – एकल वादन (थाप अर्थात् परकुसन ताल वाद्य)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक प्रतियोगी।
- संगत कलाकार अधिकतम दो।
- प्रतियोगी कलाकार अपने वाद्य यंत्र स्वयं लेकर आयेंगे।
- ताल, कम्पोजीशन और सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर निर्णय किया जावेगा।
- वादन के लिए10 मिनिट का समय निर्धारित है।

## (3) शास्त्रीय वाद्य प्रतियोगिता – एकल वादन (गैर थाप अर्थात् नान–परकुसन ताल वाद्य)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक प्रतियोगी।
- संगत कलाकार अधिकतम दो।
- प्रतियोगी को अपने वाद्य यंत्र स्वयं लाने होगें।
- पाश्चात्य मूल के वाद्य यंत्रों पर भारतीय रागो का वादन मान्य होगा।
- वादन के लिए 10 मिनिट का समय निर्धारित है।
- स्वर ताल राग के चयन, कम्पोजीशन और सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर निर्णय लिया जावेगा।

## (4) एकल गायन (सुगम)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक प्रतियोगी।
- संगत कलाकार केवल दो।
- गायन की समयावधि 3 से 5 मिनिट होगी।
- केवल गीत / भजन / शब्द / अभंग एवं गैर फिल्मी गायन।
- स्वर ताल, कम्पोजीशन और सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर निर्णय किया जावेगा।

## (5) एकल गायन (पाश्चात्य)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक प्रतियोगी।

- संगत कलाकार केवल दो।
- गायन की समयावधि 3 से 5 मिनिट होगी।
- अंग्रेजी भाषा का ही गायन मान्य होगा।
- कम्पोजीशन,लय संयोजन और सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर निर्णय किया जावेगा।

## (6) समूह गायन (भारतीय)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक दल ही भाग ले सकेगा।
- प्रत्येक दल दो समूह गायन प्रस्तुत कर सकेगा जिसमें एक देशभक्ति से संबंधित एवं दूसरा लोकगीत होना चाहिए।
- गायको की संख्या अधिकतम 6 रहेगी एवं संगत वाद्य कलाकार अधिकतम तीन होगें।
- किसी भी क्षेत्रीय भाषा/बोली के भारतीय गीत प्रस्तुत किए जा सकते है।
- फिल्मी समूह गायन अमान्य है।
- समूह गायन की समयावधि अधिकतम दस मिनिट रहेगी।
- मंच तैयारी हेतु प्रत्येक दल को अधिकतम चार मिनिट मिलेंगे।
- निर्णय का मुख्य आधार गायन की गुणवत्ता पर रहेगा न कि वेशभूषा,रूप सौंदर्य और भाव भंगिमा।

## (7) समूह गायन (पाश्चात्य)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- एक दल के गायको की अधिकतम संख्या 6 होगी और संगत वाद्य कलाकार अधिकतम 03 होगें।
- केवल अंग्रेजी भाषा के समूह गीत प्रस्तुत किए जा सकेंगे।
- समूह गायन की अधिकतम अवधि 10 मिनिट रहेगी। मंच तैयारी के लिए अलग से अधिकतम 04 मिनिट दिये जायेंगे।
- निर्णय का मुख्य आधार गायन की गुणवत्ता पर रहेगा न कि वेशभूषा, रूप सौंदर्य और भाव भंगिमा।

## (8) लोक/समूह नृत्य

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक दल मे अधिकतम 8 प्रतियोगी रहेंगे। दल के सदस्य चाहें तो केवल पुरूष या युवतियॉं अथवा दोनो ही रह सकते है।
- संगत कलाकार अधिकतम तीन रहेंगे।
- केवल आदिम नृत्य अथवा लोकनृत्य (भारतीय शैली) ही मान्य होंगे न की शास्त्रीय नृत्य।
- नृत्य की अधिकतम समयावधि दस मिनिट की रहेगी।
- पंजीयन के समय प्रदेश–पत्र के साथ ही नृत्य की संक्षिप्त जानकारी एवं कथा तीन प्रतियों में प्रस्तुत करना होगी।
- प्रस्तुति के समापन के पश्चात् अपनी नृत्य सामग्री मन्च से हटाने की जिम्मेदारी प्रत्येक दल की होगी।
- निर्णय के आधार होंगे– लय, संयोजन, भाव–भंगिमा, रूप सौंदर्य, वेशभूषा एवं समग्र प्रभाव।

## (9) एकल नृत्य(शास्त्रीय)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक ही प्रविष्टि मान्य होगी।
- विभिन्न विधाओ के शास्त्रीय नृत्य जैसे –कत्थक, कथकली, भरतनाट्यम, मणिपुरी, कुचिपुडी, एवं ओडिसी आदि ही मान्य होंगे।
- प्रत्येक प्रतियोगी को अधिकतम 15 मिनिट की समयावधि मिलेगी। तैयारी के लिए अलग से समय नही मिलेगा।
- अधिकतम तीन संगत कलाकार मान्य होंगे।
- ताल, तकनीक, लय, अभिनय या भावमुद्रा, वेशभूषा पद संचालन एवं समग्र प्रभाव के आधार पर निर्णय होगा।
- पंजीयन के समय नृत्य के महत्व एवं कथा का संक्षिप्त वर्णन तथा गाये जाने वाले गीत को लिखित रूप में तीन प्रतियो में प्रस्तुत करना होगा।

## (10) प्रश्नमंच

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय 3 सदस्यों का एक दल भेज सकता है।
- प्रारम्भिक चक्र लिखित होगा तथा इसी आधार पर चयन किया जावेगा।
- अंतिम प्रतियोगिता मौखिक आधार पर, जिसमें दृश्य–श्रव्य आधार पर प्रश्न होंगे, आयोजित होगी।
- मूल्यांकन पद्धति, समय एवं चक्रों की संख्या आदि की जानकारी प्रतियोगिता प्रारंभ होने के समय दी जावेगी।

**प्रश्न मंच के मूल्यांकन की पद्धति क्विज़ मास्टर अपने विवके से तय कर सकेंगे।**

## (11) वाद विवाद

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।

- एक दल में दो सदस्य होंगे एक पक्ष तथा दूसरा विपक्ष के लिए रहेगा।
- विचार हिन्दी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में व्यक्त किये जा सकेंगे।
- वाद विवाद का विषय 24 घण्टे पूर्व घोषित किया जावेगा।
- प्रत्येक प्रतियोगी को अधिकतम पॉंच मिनिट का समय दिया जावेगा।

## (12) वक्तृता

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक प्रतियोगी रहेगा।
- हिन्दी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में विचार प्रस्तुत किये जा सकेंगे।
- प्रत्येक प्रतियोगी को अधिकतम पॉंच मिनिट का समय दिया जावेगा।

## (13) एकांकी

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक प्रविष्टि ही मान्य होगी।
- नाटक की समयावधि 30 मिनिट की होगी।
- संगत कलाकार अधिकतम तीन होंगें।
- संकेत मिलने पर दल प्रस्तुति प्रारम्भ करेगा। उसी समय से अवधि की गणना होगी।
- मंच सज्जा एवं मंच सामग्री संयोजन के लिए 10 मिनिट दिये जावेंगे। नाटक के अंत में मंच सामग्री हटाने के लिए पृथक से समय नही दिया जावेगा। आगामी प्रस्तुति के लिए मंच उपलब्ध कराने का दायित्व पूर्ववर्ती दल का रहेगा।
- नाटक दल में अधिकतम 8 सदस्य रहेंगे।
- प्रत्येक दल को अपनी मंच एवं वेषभूषा–रूपसज्जा साम्रगी स्वयं लानी होगी।
- पूर्व सूचना देने पर प्रकाश एवं साधारण फर्नीचर आदि उपलब्ध कराया जा सकेगा।
- नाटक का मंचन हिन्दी, अंग्रेजी या क्षेत्रिय भाषा में किया जा सकेगा।
- क्षेत्रीय भाषा में प्रस्तुति देने वाले दल को नाटक की विषय वस्तु हिन्दी/अंग्रेजी में पंजीयन के समय प्रस्तुत करना होगी।
- प्रतियोगी दलों को अपनी उपस्थिति की जानकारी प्रतियोगिता प्रभारी को मंचन के दो घंटे पूर्व अवश्य देना होगी
- नाटक की गुणवत्ता जैसे की कथावस्तु, अनिनय कला, मंच सज्जा एवं सज्जा एवं समग्र प्रभाव के आधार पर निर्धारित होगी।
- निर्णायको का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।

## (14) स्किट

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल एक दल सम्मिलित हो सकेगा।
- अधिकतम प्रतियोगी 5 रहेंगे।
- संगत कलाकार अधिकतम दो होंगे।
- प्रस्तुति की समयावधि 10 मिनिट रहेगी।
- रूप सज्जा, वेशभूषा एवं पार्श्वसंगीत मान्य है।
- स्किट की कथावस्तु को तीन प्रतियों में पंजीयन के समय प्रस्तुत करना होगा।
- निर्णय का आधार, कथावस्तु, अभिनय, मंच सज्जा, रचना एवं समग्र प्रभाव रहेगा।

## (15) मूकाभिनय (माइम)

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- कलाकारों की अधिकतम संख्या 05 रहेगी।
- संगत कलाकार अधिकतम दो होंगे।
- अधिकतम समयावधि 5 मिनिट रहेगी।
- निर्णय का आधार विचार, प्रस्तुति की रचनात्मकता, संगीत एवं रूप सामग्री तथा समग्र प्रभाव रहेगा।

## (16) मिमिक्री

- प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
- प्रतियोगिता की अवधि पॉंच मिनिट रहेगी।
- फूहड या अश्लील प्रदर्शन नही किया जा सकेगा।
- जाति, धर्म, सप्रदाय पर आक्षेप नही होगा।

## (17) कोलॉज

- प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतियोगी सम्मिलित हो सकेगा।

* विषय की घोषणा प्रतियोगिता स्थल पर होगी।
* प्रतियोगिता की अवधि अधिकतम ढाई घंटे रहेगी।
* प्रतियोगी को पेंस्टिंग सामग्री एवं अन्य उपकरण स्वयं लाने होंगे।



## (18) पोस्टर निर्माण

* प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
* दृश्य की घोषणा प्रतियोगिता स्थल पर ही की जावेगी। प्रतियोगी को प्रतियोगिता प्रभारी द्वारा प्रदत्त विषय पर पोस्टर निर्माण करना होगा।
* प्रतियोगिता की अवधि ढाई घंटे अधिकतम रहेगी।
* प्रतियोगी को पेपर/शीट आयोजक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा दिया जावेगा। शेष सामग्री उसे स्वयं लानी होगी।

## (19) क्ले माडलिंग

* प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
* प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल प्रतियोगी सम्मिलित हो सकेगा।
* विषय की घोषणा प्रतियोगिता स्थल पर ही की जावेगी।
* मिट्टी (CLAY) आयोज्य विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।
* प्रतियोगिता की अवधि ढाई घंटे अधिकतम रहेगी।

## (20) कार्टूनिंग (व्यंग्य चित्र)

* प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
* प्रत्येक विश्वविद्यालय से केवल प्रतियोगी सम्मिलित हो सकेगा।
* कृति का निर्माण दिये गये विषय या कल्पना के आधार पर ही करना होगा। विषय या कल्पना प्रतियोगिता स्थल पर घोषित किया जावेगा।
* प्रतियोगिता की अवधि अधिकतम एक घंटे रहेगी।

## (21) रंगोली

* प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
* प्रत्येक विश्वविद्यालय से मात्र एक प्रतियोगी सम्मिलित हो सकेगा।
* प्रतियोगिता की अवधि ढाई घंटे अधिकतम रहेगी।
* प्रतियोगिता की समस्त सामग्री प्रतियोगी को स्वयं लानी होगी। इस कला को विविध क्षेत्रो में विविध नामों से जाना जाता हैं जैसे– अल्पना, मांडना, आलेखन, कोलम, रंगोली, आदि। इसलिये प्रतियोगी माध्यम और आकार के लिए स्वतंत्र हैं। वर्णनात्मक, चित्रात्मक अथवा मुक्त चित्रण किया जा सकेगा।

## (22) स्थल चित्रण ( ऑन द स्पाट पैंटिंग)

* प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
* दृश्य विशेष की सूचना प्रतियोगिता स्थल पर ही की जावेगी।
* प्रतियोगी को प्रतियोगिता प्रभारी के द्वारा प्रदत्त विषय पर ही चित्रांकन करना होगा।
* प्रतियोगिता की अवधि ढाई घंटे ( 2.1/2 घंटे) ही होगी
* चित्र का आकार 22x15 इंच रहेगा।
* चित्रांकन हेतु माध्यम आइल, वाटर या पोस्टर कलर रहेगा।
* चित्रांकन हेतु सामग्री तथा ब्रुश, रंग आदि प्रतियोगी को स्वयं लाने होंगे। कागज/शीट आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।

## अतिआवश्यक जानकारी–

प्रतिभागियों से निवेदन है कि वे विविध प्रतियोगिताओं के नियमादि ध्यानपूर्वक पढ़े जो इस पुस्तिका में दिये गये है। विविध प्रतियोगिताओ के लिए नियुक्त निर्णायकों के निर्णय का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। समाधानकारक निर्णय न होने की स्थिति में सम्बंधित विषय को प्रतिवाद समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार की असहमति को प्रतियोगिता समन्वयक के पास प्रतियोगिता समाप्त होने के एक घंटे के अन्दर प्रस्तुत करना होगा। इसके उपरांत निर्णय सम्बन्धी किसी असहमति पर विचार नही होगा। नियमों के उल्लंघन अथवा अनुचित तरीके से प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन को लेकर असहमतियाँ वाद के रूप में स्वीकार की जा सकेगी। असहमति शुल्क रू. 200/- जमा करने होंगे जो किसी भी दशा में वापस नहीं होगा। प्रतिवाद समिति के विरुद्ध कोई असहमति स्वीकार नही होगी।